05.04.2026 आकाशवाणी, भोपाल 2.10PM

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री-बिष्णुपुर रैली

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा ज़िले के बिष्णुपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस 2029 में महिला आरक्षण देने के लिए विधेयक को पारित करने से रोकने में कांग्रेस के साथ शामिल रही है। श्री मोदी ने कहा कि देश का विकास सुनिश्चित करने के लिए अधिक महिलाओं को राजनीति में आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण का पर्याय है। भाजपा उनकी रक्षा और सुरक्षा के प्रति वचनबद्ध है।

पर्यटन सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजकीय विमानतल, भोपाल से “पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा” के अंतर्गत नए सेक्टर ’भोपाल,चंदेरी, ओरछा’ हेलीकॉप्टर सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया और यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह नया सेक्टर भोपाल को ओरछा और चंदेरी से जोड़ते हुए प्रदेश में पर्यटन को नई गति देगा।

विश्व यकृत दिवस

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नागरिकों से अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने और स्वस्थ यकृत तथा स्वस्थ भविष्य के लिए प्रतिदिन बेहतर विकल्प चुनने का आह्वान किया। विश्व यकृत दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि स्वस्थ यकृत स्वस्थ जीवन की कुंजी है। उन्होंने नागरिकों को मानव शरीर को स्वस्थ और सुचारू रूप से कार्य करने में यकृत यानी लीवर की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाई।

इसरो-जी-20 उपग्रह

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने हैदराबाद में कल इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया में डीआरडीओ, इसरो और एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जलवायु, वायु प्रदूषण और मौसम की निगरानी संबंधी अध्ययन के लिए डिजाइन किए गए जी-20 उपग्रह को 2027 में प्रक्षेपित किए जाने की आशा है। उन्होंने कहा कि भारत एक रॉकेट का प्रयोग करके बिना किसी टकराव के सौ से अधिक उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने में सफल रहने वाला पहला देश है।

अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया का त्यौहार आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। यह त्यौहार सौभाग्य और सफलता का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह त्योहार पुण्य कर्म, दान और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने परशुराम जयंती की भी शुभकामनाएँ दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि भगवान परशुराम नागरिकों को अन्याय के विरुद्ध दृढ़ रहने और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देते हैं। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ आज उत्तराखंड में वार्षिक चारधाम यात्रा की शुरुआत हुई।

राष्ट्रीय महिला आयोग एडवाइजरी

राष्ट्रीय महिला आयोग ने अक्षय तृतीया के पहले एडवाइजरी जारी कहते हुए कहा है कि "कोई भी बचपन बाल-विवाह की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखकर बाल विवाह रोकने के लिए तत्काल और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने एडवाइजरी में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 7 महत्वपूर्ण बिंदुओं के सुझाव दिए गए है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता नाइटराइडर्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच कोलकाता में दोपहर बाद साढे तीन बजे से खेला जाएगा। चंडीगढ़ में एक अन्य मैच में शाम साढे सात बजे पंजाब किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा।

समाचार संक्षेप में :-

ऽ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर ज़िले में भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना करेंगे।

ऽ पद्मश्री के लिए चयनित अखाड़ा गुरु भगवानदास रायकवार 'दाऊ' का कल निधन हो गया। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पितकर दुख व्यक्त किया।

ऽ रायसेन में भगवान परशुराम जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई,

ऽ बालाघाट में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के कलेक्टर मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में महिला पदयात्रा का आयोजन किया गया.

ऽ आगरमालवा में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 23 अप्रैल को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में किया जाएगा।

ऽ मैहर के पटेहरा तालाब में डूब कर हुई दो बालिकाओं की मृत्यु पतदनर एस डी एम मैहर दिव्या पटेल ने आर परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।